TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें

teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

28 नवंबर 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

शिक्षा से ही समाज में जागरूकता

और प्रगति सम्भव है।

ज्योतिबा फुले

(समाज सुधारक)



जन्म : **11** अप्रैल **1827** मृत्यु : **28** नवंबर **1890**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

महात्मा ज्योतिबा फुले का निधन 28 नवम्बर



महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे में हुआ था। उनकी माता का नाम चिमणाबाई तथा पिता का नाम गोविन्दराव था। उनका परिवार कई पीढ़ी पहले माली का काम करता था। वे सातारा से पुणे फूल लाकर फूलों के गजरे आदि बनाने का काम करते थे इसलिए उनकी पीढ़ी 'फुले' के नाम से जानी जाती थी। ज्योतिबा बहुत बुद्धिमान थे। उन्होंने मराठी में अध्ययन किया। वे महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक थे। 1840 में ज्योतिबा का विवाह सावित्रीबाई से हुआ था। महाराष्ट्र में धार्मिक सुधार आंदोलन जोरों पर था। जाति-प्रथा का विरोध करने और एकेश्वरवाद को अमल में लाने के लिए 'प्रार्थना समाज' की स्थापना की गई थी जिसके प्रमुख गोविंद रानाडे और आरजी भंडारकर थे। एक भारतीय समाजसुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। इन्हें महात्मा फुले एवं "जोतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं व पिछडे और अछूतो के उत्थान के लिय इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समथर्क थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। इस महान समाजसेवी ने अछूतोद्धार के लिए सत्यशोधक समाज स्थापित किया था। उनका यह भाव देखकर 1888 में उन्हें 'महात्मा' की उपाधि दी गई थी। ज्योतिराव गोविंदराव फुले की मृत्यु 28 नवंबर 1890 को पुणे में हुई।

पुण्यतिथि विशेष 28 नवंबर



ज्योतिराव गोविंदराव फुले *Jyotirao Govindrao Phule* प्रसिद्ध नाम: 'ज्योतिबा फुले', जन्म: 11 अप्रॅल, 1827 ई. - मृत्यु: 28 नवम्बर, 1890 ई.) महाराष्ट्र में सर्वप्रथम अछूतोद्धार और महिला शिक्षा का काम आरंभ करने वाले महान् भारतीय विचारक, समाज सेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे।

MATH TLM

100 Class-6to8

बेलन(Cylinder)



- बेलन का आयतन $=\pi r^2 h$
- बेलन के संपूर्ण पृष्ठों का क्षेत्रफल $=2\pi r(r+h)$
- बेलन के वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल $=2\pi rh$
- दोनों सतहों का क्षेत्रफल $=2\pi r^2$

- बेलन में कुल तीन सतहें होती है।
- बीच का घेरा एक वक्र सतह है।
- ऊपर और नीचे दो बराबर वृताकार सतहें है।

Anu Priya, Science Teacher

TOB
खेल कॉर्नर

टेस्ट में साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा डिसमिसल करने वाले विकेटकीपर

प्लेयर्स	मैच	कैच	स्टंपिंग	कुल
मार्क बाउचर	146	530	23	553
क्विंटन डिकॉक	54	221	11	232
डेव रिचर्डसन	42	150	2	152
जॉन वेट	50	124	17	141
एबी डिविलियर्स	114	101	5	106
काइल वेरिने	31	88	12	100

Teachers of Bihar

The Change Makers

शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **28.11.2025**

पारंपरिक कक्षा

पारंपरिक कक्षा एक भौतिक शिक्षण स्थान है जहाँ शिक्षक छात्रों को आमने-सामने निर्देश देते हैं और ज्ञान का प्रवाह शिक्षक-केंद्रित होता है। इसमें एक निश्चित समय-सारिणी, मानकीकृत पाठ्यक्रम और परीक्षाएँ होती हैं, जो छात्रों को एक संरचित वातावरण में संवाद और सामाजिक संपर्क का अवसर प्रदान करती हैं।

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

जब आप फोन पर 'हेलो' बोलते हैं, तो आपका सिग्नल 3 लाख किमी/सेकंड की रफ़्तार से दौड़ता है। यह इतना तेज़ है कि 1 सेकंड में यह पृथ्वी के 7 चक्कर लगा सकता है। हम इसे मामूली समझते हैं, लेकिन यह विज्ञान का सबसे बड़ा जादू है।

राकेश कुमार

पद्य पंकज

"जो भरा नहीं है भावों से
जिसमें बहती रसधार नहीं
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं"

मैथिली शरण गुप्त

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org